आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 31.07.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- उत्तराखंड, जीएसटी में बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण लागू करने वाला उत्तर भारत का पहला व देश का चौथा राज्य बना।
- प्रदेश में संचालित सभी कोचिंग संस्थानों की सुरक्षा मानकों की जाँच के लिए शासन ने जाँच समिति का गठन किया।
- राज्य की एक हजार चार सौ 24 ग्राम पंचायतें टीबी से मुक्त हुई।
- समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत आवंटित धनराशि का निश्चित समय में उपयोग न करने पर नैनीताल के कई शिक्षकों व अधिकारियों का वेतन रोका गया।
- पेरिस ओलंपिक में लक्ष्य सेन ने विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी को हराकर राउंड आफ–16 में प्रवेश किया।

जीएसटी

उत्तराखंड, जीएसटी में बायोमेट्रिक आधार प्रमाणीकरण लागू करने वाला उत्तर भारत का पहला व देश का चौथा राज्य बन गया है। वित्त मंत्री डॉक्टर प्रेमचंद अग्रवाल ने आज रिबन काटकर इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर डा. अग्रवाल ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में पंजीकरण आवेदकों के लिए बायोमेट्रिक आधारित आधार प्रमाणीकरण को लागू करने की सिफारिश की गई थी। इसी क्रम में उत्तराखण्ड राज्य में बायोमेट्रिक आधारित आधार प्रमाणीकरण व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व गुजरात, पुद्दुचेरी व आंध्र प्रदेश में यह व्यवस्था लागू है। उत्तराखण्ड में इसे लागू करने के लिए राज्य कर विभाग के प्रत्येक कार्यालय भवन में जीएसटी सुविधा केंद्र स्थापित किया गया है। इस केन्द्र के माध्यम से दस्तावेज़ों का सत्यापन व बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण सुनिश्चित किया जाएगा। इससे जीएसटी में पंजीकरण प्रक्रिया बेहतर होगी तथा फर्जी दस्तावेज़ों के आधार पर प्राप्त किये जाने वाले पंजीयनों तथा फर्जी इनवॉइस के माध्यम से लिए गए इनपुट टैक्स क्रेडिट को रोकने में सहायता मिलेगी।

बेसमेंट पानी

प्रदेश के कोचिंग सेंटरों की निगरानी को लेकर सरकार व्यापक अभियान चलाने जा रही है। सरकार ने यह निर्णय दिल्ली के कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में पानी भरने से तीन युवाओं की मौत के बाद लिया है। आवास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि ऐसी घटना उत्तराखंड में ना हो इसके लिए अभियान चलाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि बेसमेंट में सुरक्षा उपाय तथा आपदा के समय निकासी जैसे अन्य आवश्यक कार्य न होने पर कोचिंग सेंटर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। राज्य में संचालित सभी कोचिंग संस्थानों की जनपदवार जाँच के लिए शासन की तरफ से जाँच समिति का गठन कर दिया गया है। समिति की अध्यक्षता, विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष करेंगे। जबकि सदस्यों में नगर आयुक्त, अधिशासी अधिकारी, जिला अग्निशमन अधिकारी, जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नामित अधिकारी शामिल होंगे। यह जाँच समिति दो सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट दो सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराएगी।

टीबी मुक्त

प्रदेश की एक हजार चार सौ 24 ग्राम पंचायतें टीबी से मुक्त हो गई है। भारत सरकार ने टीबी मुक्त पंचायत गतिविधि के अंतर्गत इन सभी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि प्रदेश टीबी उन्मूलन की दिशा में अग्रसर है। इस संबंध में लगातार वृहद

स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है, जिसके सफल क्रियान्वयन के तहत प्रदेश की एक हजार चार सौ 24 ग्राम पंचायतों के के लगभग तीन हजार 200 गांवों को टीबी मुक्त घोषित किया है। उन्होंने बताया कि इन सभी टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों को प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे, जिसके लिए जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस संबंध में सभी जिलों के जिलाधिकारियों व मुख्य चिकित्साधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। विभागीय मंत्री ने बताया कि टीबी उन्मूलन के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिये जन सहभागिता अत्यंत आवश्यक है, इसके लिये आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

बलिदान दिवस

जलियांवाला बाग हत्याकाण्ड का बदला लेने वाले क्रान्तिकारी शहीद ऊधम सिंह का बलिदान दिवस आज ऊधमसिंहनगर जिले में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। सभी ने शहीद ऊधमसिंह के जज्बे को सलाम कर उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। शहीद उधमसिंह ने इंग्लैंड जाकर 13 मार्च 1940 को जनरल ओ ड्वायर को गोली मारकर जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लिया था। शहीद ऊधमसिंह को 31 जुलाई को इंग्लैंड में फांसी दी गयी। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि शहीद उधमसिंह के नाम पर इस जिले का नाम होने से हम अपने आप को गौरान्वित महसूस करते हैं।

दुर्घटना

हरिद्वार जिले के लक्सर के समीप आज कांवड़ियों का वाहन एक पिकअप वाहन से टकरा गया। दुर्घटना में एक कांवड़िये की मृत्यु हो गई, जबकि 9 घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल पहुंचाया।

सभी कांवड़िये उत्तर प्रदेश के बड़ौत के मलकपुर गांव से गंगा जल लेने हरिद्वार पहुंचे थे।

शिक्षक वेतन

समग्र शिक्षा कार्यक्रम के तहत आवंटित धनराशि का निश्चित समय के अंदर उपभोग न किये जाने पर नैनीताल जिले के कई शिक्षकों, प्रधानाचार्यों, विकासखण्ड व जिलास्तरीय अधिकारियों का जुलाई माह का वेतन अग्रिम आदेशों तक रोक दिया गया है। समग्र शिक्षा के राज्य परियोजना निदेशक बंशीधर तिवारी ने इस संबंध में पत्र जारी कर दिया है। राज्य स्तर पर की गयी समीक्षा में यह पाया गया है कि राज्य में 3 जिलों देहरादून, हरिद्वार व नैनीताल को छोड़कर अन्य जिलों के द्वारा विभिन्न मदों में दी गयी धनराशि का लगभग उपभोग कर लिया गया है। नैनीताल जिले में 131 विद्यालय ऐसे हैं, जिनमें समग्र शिक्षा की ओर से प्रेषित धनराशि का उपभोग अभी तक शून्य प्रदर्शित है।

पेरिस ओलंपिक

पेरिस ओलंपिक में भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को 21–18, 21–12 से हराकर पुरुष वर्ग के राउंड ऑफ–16 के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

वहीं, दिन की शानदार शुरुआत करते हुए, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु ने चल राउंड ऑफ 16 में अपनी जगह पक्की कर ली। सिंधु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला एकल वर्ग में ग्रुप एम में शीर्ष स्थान हासिल किया। सिंधु ने अपने दूसरे और अंतिम ग्रुप–स्टेज मैच में एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुबा को 21–5, 21–10 के प्रभावशाली स्कोर से हराया।

निर्देश

एशियाई विकास बैंक–एडीबी सहायतित एक हजार 294 करोड़ रुपये के टिहरी लेक प्रोजेक्ट में नई टिहरी शहर को रोपवे सेवा से जोड़ने के लिए पर्यटन विभाग प्रस्ताव तैयार करेगा। इस संबंध में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने पर्यटन विभाग को जरूरी निर्देश दिए हैं।

जिलाधिकारी ने नई टिहरी में व्यापार और पर्यटन गतिविधियां बढ़ाने के लिए स्थानीय जन संगठनों की मांग पर इस परियोजना में कोटी कॉलोनी से गुरुद्वारा बौराड़ी होते हुए नई टिहरी तक रोपवे सेवा शुरू करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने को कहा है। उन्होंने कहा कि टिहरी लेक प्रोजेक्ट में बौराड़ी कवर्ड मार्केट व सिटी सेंटर, बौराड़ी बस अड्डे का अपग्रेडेशन, टिहरी झील के आसपास के क्षेत्रों का विकास, कोटी कॉलोनी से डोबरा पुल और कोटी से पीपलडाली तक रिंग रोड़ आदि कार्य शामिल हैं।

मौसम

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज बारिश हुई। राजधानी देहरादून सहित राज्य के कुछ हिस्सों में दोपहर बाद मूसलाधार बारिश होने से गर्मी और उमस से राहत मिली है।

इस बीच, मौसम विभाग ने कल चमोली, बागेश्वर, चम्पावत, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिले में कल कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के अनुसार कल राज्य के अधिकांश हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। वर्षा का यह दौर आने वाले दिनों में भी जारी रहने की संभावना जताई गई है।

टिहरी मेडिकल कालेज

नई टिहरी में मेडिकल कालेज बनने का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, जिला मुख्यालय के निकट मेडिकल कॉलेज तैयार करेगा। टिहरी जिला सभागार में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि इस संबंध में सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। मेडिकल कॉलेज के लिए राज्य सरकार व टीएचडीसी भूमि उपलब्ध कराएंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि टीएचडीसी के ईडी एलपी जोशी इसके लिए नोडल अधिकारी होंगे। चिकित्सा शिक्षा के संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. श्याम विजय व भूमि के संबंध में उपजिलाधिकारी संदीप कुमार नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। उपजिलाधिकारी को एक सप्ताह में भूमि हस्तांतरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

पौधरोपण

बागेश्वर में इस वित्तीय वर्ष में दस लाख पचास हजार पौधे लगाए जांएगी। वन विभाग ने 20 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत जिले में वृहद वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिलाधिकारी अनुराधा पाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में आज विभागों द्वारा अब तक किए गए वृक्षारोपण का आंकड़ा प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने वृक्षारोपण अभियान में शामिल सभी विभागों को आवंटित लक्ष्य को वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पूरा करते हुए कार्य प्रगति की रिपोर्ट वन विभाग को देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा जो पौध रोपित की जा रही है, उसकी देख–रेख भी समय–समय पर संबंधित विभाग करते रहें।